The Speaker made reference to the passing away of Shri Satya Pal Malik (Member, Ninth Lok Sabha)

माननीय अध्यक्ष**:** माननीय सदस्यगण, अत्यंत दु:ख के साथ मुझे सभा को हमारे पूर्व सहयोगी श्री सत्यपाल मलिक के निधन के बारे में सूचित करना है । वह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नौवीं लोकसभा के सदस्य थे ।

इससे पहले श्री मलिक 1980 से 1989 तक राज्यसभा के सदस्य भी रहे ।

श्री सत्यपाल मलिक केंद्रीय संसदीय कार्य और पर्यटन राज्य मंत्री भी रहे और अनेक संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे ।

इससे पहले, वह 1974 से 1977 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य भी रहे ।

श्री सत्यपाल मलिक ने जम्मू और कश्मीर, मेघालय, गोवा, ओडिशा और बिहार के राज्यपाल के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं ।

श्री सत्यपाल मलिक का निधन 79 वर्ष की आयु में 5 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली में हुआ ।

यह सभा श्री सत्यपाल मलिक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है और शोकसंतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है ।

अब सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी ।

<u>11.01½ hrs</u>

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष **:** ऊँ शांतिः शांतिः शांतिः ।

____